विजय दिवस | नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में अभाविप द्वारा कारगिल युद्ध के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

सैनिकों के बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण करें : डॉ. कुजिया

नवभारत, जबलपुर। युवा सैनिकों के बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण करें, क्योंकि उनका त्याग हमें देश के प्रति हमारे कर्तव्यों की याद दिलाता है। राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीरों का शौर्य ही आने वाली पीढ़ियों का मार्ग प्रशस्त करता है और हमें एक मजबूत समाज बनाने के लिए प्रेरित करता है। ये बातें मुख्य अतिथि डॉ. सचिन कुजिया ने कहीं। मौका था अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर द्वारा कारगिल विजय दिवस के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा का। इस कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं कार्यकर्ताओं ने कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य और राष्ट्रभक्ति का स्मरण करते हुए उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की तथा राष्ट्रसेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अभाविप महाकोशल प्रांत मंत्री सुव्रत एवं साक्षी बोहरे तथा मेडिविजन प्रांत संयोजक डॉ. सम्राट नायक की गरिमापूर्ण उपस्थिति रही। प्रांत मेडिविजन संयोजक डॉ. सम्राट नायक ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी और वीरों के पराक्रम की सराहना करते हुए भारत के वीर जवानों को शत-शत नमन किया।

युवाओं को निभानी चाहिए सक्रिय भूमिका

इस दौरान अपने उद्बोधन में डॉ. कुजिया ने कहा कि कारगिल विजय केवल सैन्य पराक्रम का प्रतीक नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति समर्पण, अनुशासन और अटूट विश्वास का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि युवाओं को कारगिल के वीर सैनिकों के त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में उत्कृष्टता, सेवा और राष्ट्र प्रथम की भावना को अपनाएं तथा समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करें। सुव्रत ने अपने उद्बोधन में कारगिल के अमर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी पर राष्ट्र की सुरक्षा, संस्कृति और मूल्यों के संरक्षण की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदैव राष्ट्रवादी विचार, छात्रहित और सामाजिक दायित्वों के साथ युवाओं का नेतृत्व करती रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से संगठन के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र के लिए कार्य करने का आह्वान किया। साक्षी बोहरे ने कहा कि विद्यार्थी जीवन केवल शैक्षणिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने का भी महत्वपूर्ण काल है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्रहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लें तथा अपने व्यक्तित्व का विकास सेवा, संस्कार और संगठन के माध्यम से करें।

नवीन कार्यकारिणी की हुई घोषणा

इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज की सत्र 2026-27 की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई। नवगठित कार्यकारिणी महाविद्यालय में छात्रहित, राष्ट्रहित एवं समाजहित के विभिन्न आयामों पर सक्रियता से कार्य करेगी तथा विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान, शैक्षणिक वातावरण के विकास एवं सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े कार्यक्रमों का प्रभावी संचालन करेगी। नवगठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष डॉ. प्रभांश शर्मा, मंत्री डॉ. नंदनी कुमारी, उपाध्यक्ष डॉ. आदर्श कोरी, डॉ. सौरभ पटेल, डॉ. गंग्या श्रीवास्तव, डॉ. भावेश बर्दिया एवं सहमंत्री डॉ. मुस्कान सिंह, डॉ. शिवम जादव, डॉ. मृत्युंजय रिचारिया, डॉ. आनंद कुमार चक्रधारी, डॉ. देवेंद्र तिवारी, डॉ. सेजल अग्रवाल, डॉ. वैष्णवी शर्मा शामिल हैं। इसके साथ ही मेडिविजन संयोजक डॉ. शिवांश पाठक, मेडिविजन सह संयोजक डॉ. महिमा, डॉ. शुभांगी, खेलो भारत संयोजक डॉ. अभिषेक सोनी, खेलो भारत सह संयोजक डॉ. आशीष तिवारी, डॉ. ओम भोजक, एसएफएस संयोजक डॉ. शिवराज सोलंकी, सह संयोजक रवि मीणा, एसएफडी संयोजक डॉ. सिद्धार्थ गोंडाने, सह संयोजक डॉ. अर्पित सिंह, डॉ. काजल पटेल, कला मंच संयोजक डॉ. आकांक्ष टोंक, सहसंयोजक कृति सिंह बघेल, सोशल मीडिया संयोजक डॉ. नायब आदिल, सहसंयोजक डॉ. लोकेश अहिरवार तथा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में डॉ. अरमान अंसारी, डॉ. उत्सव तिवारी, डॉ. सुनील प्रजापति एवं डॉ. विनय कैरव को दायित्व सौंपा गया है। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक वंदे मातरम का गान किया गया। इसके साथ ही उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं कार्यकर्ताओं ने कारगिल के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और गौरव की रक्षा के लिए सदैव समर्पित रहने का दृढ़ संकल्प लिया।

विकलांग सेवा भारती ने स्वीडन से लौटे कोच पुष्पेंद्र का किया स्वागत

नवभारत, जबलपुर। स्वीडन में आयोजित एसकेएफ गोथिया फुटबॉल कप 2026 में स्पेशल ओलंपिक भारत की फुटबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। यह उपलब्धि भारत के लिए अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है कि विकलांग सेवा भारती चेतना जबलपुर के पुष्पेंद्र कुशवाहा ने कोच के रूप में भारतीय दल का प्रतिनिधित्व किया। आज जबलपुर पहुंचने पर संस्था के बच्चों एवं शिक्षकों ने कोच पुष्पेंद्र कुशवाहा का बड़े उत्साहपूर्वक स्वागत सम्मान किया, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी संस्था के नाम को रोशन किया। इस अवसर पर संस्था सचिव मिताली बनर्जी, स्पेशल ओलंपिक्स भारत मध्यप्रदेश के क्षेत्रीय निदेशक दीपांकर बनर्जी, खेल निदेशक एहतिशामउद्दीन, संस्था के प्राचार्य राकेश शर्मा, सचिन प्रजापति, प्रोग्राम मैनेजर अशोक विश्वकर्मा सहित संस्था के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं, जिसके बाद यह गरिमामयी मिलन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

एक नजर में

सुर-ताल म्यूज़िकल ग्रुप द्वारा रफ़ी-संध्या का आयोजन आज

नवभारत, जबलपुर। सुर-ताल म्यूज़िकल ग्रुप द्वारा रफ़ी-महोत्सव के अंतर्गत रफ़ी-संध्या एवं रफ़ी-प्रदर्शनी का आयोजन आज 28 जुलाई को शाम 7 बजे से शहीद स्मारक सभाग्रह में किया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ.दुर्गेश ब्यौहार 'दर्शन' द्वारा लिखित पुस्तक 'रफ़ी साहब का भारत रत्न' का विमोचन भी होगा। समारोह की अतिथि डॉक्टर हरिशंकर दुबे होंगे। इस आयोजन में आने का आग्रह संध्या ब्यौहार, राजेश पाठक प्रवीण, राजेश तिवारी, नेहा खरे और डॉ. मंजू गोरे ने किया है।

घर के कमरे में फंदे पर लटका मिला युवक का शव

छपारा नवभारत। विकासखंड छपारा के ग्राम दानीमेटा से एक दुखद घटना सामने आई है। यहां 34 वर्षीय युवक का शव उसके ही घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और गांव में शोक का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार 26 जुलाई की सुबह परिवार के सभी सदस्य कृषि कार्य के लिए खेत चले गए थे। जब बाद में घर लौटे तो युवक का शव कमरे के अंदर फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना तत्काल छपारा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपारा की मर्चुरी भिजवाया। सोमवार 27 जुलाई की सुबह आवश्यक कानूनी प्रक्रिया एवं पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस के अनुसार फिलहाल मृत्यु के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक अपने पीछे चार बच्चों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गया है।

सैम सीनियर सिटीजन क्लब में मनाया मेहंदी उत्सव

नवभारत, जबलपुर। सावन की फुहारों के बीच सैम सीनियर सिटीजन क्लब में लगातार चौदहवें वर्ष 'आओ सखी मेहंदी रचाएं' प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। प्रतियोगिता में बाईस से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी मेहंदी कला का शानदार प्रदर्शन किया। किसी ने अरेबियन मेहंदी रचाई, किसी ने दुल्हन की आकृति बनाई, तो किसी ने स्वस्तिक और भगवान गणेश के आकर्षक चित्र उकेरे। प्रतिभागियों की सुंदर कलाकृतियों ने क्लब के सदस्यों और आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और सभी ने उनकी जमकर सराहना की। कार्यक्रम में गायिका जुली राठौर एवं गीतकार विवेक श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान घोषित करने के बजाय सभी प्रतिभागियों को समान रूप से घरेलू उपयोग की सामग्री भेंट कर सम्मानित किया। क्लब के सदस्यों ने इस निर्णय का हृदय से स्वागत करते हुए इसे प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन की सराहनीय पहल बताया। इसी अवसर पर देश की ख्यातिप्राप्त वेटलिफ्टर मंजू इंगले का जन्मदिन भी मनाया गया। उन्हें ताज पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन नीरज शुक्ला ने किया। आयोजन के संयोजक जादूगर एस.के. निगम रहे तथा अंत में विंग कमांडर चंदन शर्मा ने आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में जिन प्रतिभागियों की मेहंदी कलाकृतियों ने सभी का मन मोह लिया, उनमें रश्मि श्रीवास्तव, प्रभा श्रीवास्तव, सुनीता शुक्ला, सुनीता मेहंदीरत्ता, राजकुमारी रैकवार, आरती जायसवाल, सुनीता चौहान, उर्मिला श्रीवास्तव, माया गुप्ता, कमलेश, शोभा आचार्य एवं लक्ष्मी कटारिया शामिल रहीं।

सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : बोरिया

महाकौशल महाविद्यालय में तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का समापन

नवभारत, जबलपुर। सरकारी योजनाओं का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है ताकि देश का हर नागरिक आत्मनिर्भर और सशक्त बन सके। जब तक बुनियादी सुविधाएं समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति तक नहीं पहुंचेंगी, तब तक समग्र विकास का संकल्प पूरा नहीं हो सकता। ये बातें जिला पंचायत जबलपुर की परियोजना अधिकारी रचना बोरिया ने कहीं।

मौका था भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, भोपाल द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से महाकौशल महाविद्यालय में तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी और जागरूकता कार्यक्रम के समापन का। इस दौरान संवाद, रैली, विभिन्न प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न हुए। प्रदर्शनी में 'सेवा, सुशासन के 12 वर्ष', 'वीबी जी राम जी' और कारगिल विजय गाथा पर आधारित चित्रों के माध्यम से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकसित भारत के संकल्प और सेना के शौर्य को प्रदर्शित किया गया। बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं और नागरिकों ने इसका अवलोकन कर महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का किया आह्वान

इस दौरान रचना बोरिया ने शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, डिजिटल व महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का आह्वान किया। इस अवसर पर आयोजित प्रश्नोत्तरी के सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को तुरंत पुरस्कृत किया गया। इसके बाद रंगोली और भाषण प्रतियोगिता हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने कारगिल विजय गाथा पर विचार रखे। गीत और नाटक दल के कलाकारों ने संगीत के माध्यम से योजनाओं की जानकारी दी, जिसके बाद जागरूकता रैली निकाली गई। उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक व प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी, अतुल पांडे, प्रो. अरुण शुक्ल, प्रो. ए. सी. तिवारी और क्रीड़ा अधिकारी डॉ. ज्योति जुनगरे की उपस्थिति में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में डॉ. बुशरा खान, डॉ. उमा भारती, डॉ. साक्षी मरावी, डॉ. रुपाली उपाध्याय, डॉ. मीनाक्षी मरावी, डॉ. अजय ठाकुर, डॉ. आनंद तिवारी और डॉ. महेन्द्र कुशवाहा का सक्रिय सहयोग रहा।

कारगिल विजय दिवस पर अभाविप ने मालवीय चौक पर किया छात्र एकत्रीकरण

नवभारत, जबलपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, जबलपुर महानगर द्वारा विजय दिवस के अवसर पर भव्य छात्र एकत्रीकरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए भारत माता की आरती की तथा सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन कर राष्ट्र के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा एवं समर्पण व्यक्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परिषद महाकोशल प्रांत मंत्री सुव्रत बाझल ने कहा कि भारत का युवा वर्ग केवल देश का भविष्य ही नहीं, बल्कि वर्तमान की सबसे बड़ी शक्ति भी है। हाल के दिनों में सोशल मीडिया एवं विभिन्न मंचों पर जेन-जी को लेकर अनेक प्रकार की भ्रांतियां एवं नकारात्मक धारणाएं प्रस्तुत की जा रही हैं। साथ ही, कुछ वामपंथी विचारधारा से प्रभावित समूह छात्रों की समस्याओं एवं मुद्दों को आधार बनाकर युवाओं को भ्रामक दिशा में ले जाने तथा राष्ट्रविरोधी सोच को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहे हैं। विद्यार्थी परिषद ने स्पष्ट किया कि भारत का युवा ऐसे दुष्प्रचार को समझता है और राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए सकारात्मक परिवर्तन का वाहक बनने के लिए प्रतिबद्ध है।

राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सक्रिय भूमिका

परिषद का मानना है कि देश का जेन-जी अपनी संस्कृति, सभ्यता, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता के प्रति पूर्णत: समर्पित है तथा राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं ने भारत माता के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए देश की एकता, अखंडता एवं गौरव की रक्षा के लिए सदैव कार्य करने का संकल्प लिया। परिषद ने कहा कि विजय दिवस केवल ऐतिहासिक विजय का स्मरण नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का पुन: संकल्प लेने का अवसर भी है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने इस आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया कि भारत का युवा राष्ट्रभक्त, जागरूक, उत्तरदायी एवं राष्ट्रवादी है। देश का युवा किसी भी प्रकार के भ्रामक प्रचार या राष्ट्रविरोधी विचारों का समर्थन नहीं करता, बल्कि विकसित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए संकल्पित है। इस कार्यक्रम में महानगर मंत्री आर्यन पुंज, केंद्रीय कार्य समिति सदस्य माखन शर्मा, ऐश्वर्या सोनकर, अनमोल सोनकर, शोभित मिश्रा, अक्षत ताम्रकार, लखन माँझी और आशुतोष पटेल सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

नशे के विरुद्ध खेला गया जागरूकता वॉलीबॉल मैच

नवभारत, जबलपुर। 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' जन जागरूकता अभियान के क्रम में 6वीं वाहिनी, जबलपुर द्वारा कबड्डी मैच का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम सेनानी सिद्धार्थ चौधरी के मार्गदर्शन तथा उप सेनानी लामू सिंह श्याम की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पीटीएस जबलपुर के ट्रेनिंग डीएसपी महेंद्र प्रताप सिंह, डीएसपी सुबोध लोखंडे, निरीक्षक विक्रम सिंह, निरीक्षक विजय मेहरा, सीडीई स्वरूप सिंह उइके, निरीक्षक उमेश बघेल तथा सूबेदार मेजर बिलार सिंह जमरा विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उपस्थित अधिकारियों एवं प्रतिभागियों ने नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जनचेतना बढ़ाने तथा युवा वर्ग को स्वस्थ और सकारात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करने के महत्त्व पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खेल भावना प्रदर्शित की। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के खेलकूद एवं सामुदायिक कार्यक्रम न सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ाते हैं, बल्कि युवाओं को नशे से दूर रखने में भी सहायक होते हैं। समापन पर विजेता टीमों को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए और सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

दूध एवं खाद्य पदार्थों में मिलावट के विरुद्ध कार्रवाई

नवभारत,नरसिंहपुर। कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशानुसार जिले में दूध एवं दूध उत्पादों में मिलावट के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी कविता राठौर एवं सारिका दुबे द्वारा गाडरवारा, बरमान एवं नरसिंहपुर क्षेत्र में विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। जांच के दौरान गाडरवारा स्थित नारायण डेयरी एवं नायक किराना एंड जनरल स्टोर, बरमान में मोदी ट्रेडर्स, राजमार्ग स्थित राहुल किराना एंड जनरल स्टोर तथा नरसिंहपुर में गुरू कृपा किराना स्टोर से कुल 17 नमूने लिए गए। इनमें दूध के 5, तेल के 3, घी के 3, धनिया पाउडर के 2, गरम मसाला के 2, मिर्च पाउडर का एक तथा टमाटर सॉस का एक नमूना शामिल है। सभी नमूनों को जांच हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री (जल) नगर पालिक निगम जबलपुर

निविदा सूचना

पत्र क्र./का.पा.यं./जल/2026/222/PRO-425 — जबलपुर, दिनांक 27/07/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1.	2026_UAD_524108_1	Jabalpur Municipal Corporation invites Tender for Construction of 900 KL Capacity Overhead Tank Boundary wall, Drainage work & Staff Quarter at Marhi Mata Mandir OHT. Details of tender can be obtained from our website- www.mptenders.gov.in	12 माह एवं 86,23,746/- (GST Extra)	10,000/- एवं 64,678/-	31/08/2026

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (जल) नगर पालिक निगम जबलपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना

N.I.T./Colony Cell/e-tendering/PRO/423 — Date : 27/07/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in की पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य समयावधि एवं लागत(लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1.	2026_UAD_523874_1	रामाश्रम कालोनी रैगवां मुख्य गेट से SBSSS स्कूल के सामने तक सी.सी.सड़क निर्माण कार्य।	04 माह	5000/-	31/08/2026
			₹ 20.69	15,518/-	

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

प्रभारी कालोनी सेल, नगर पालिक निगम जबलपुर

कार्यालय कृषि उपज मडी समिति जबलपुर, जिला जबलपुर (म.प्र.)

क्रं./मंडी/तौलकांटा /2026-27/N-295 — जबलपुर, दिनांक-27/07/2026

:- निविदा आमंत्रण सूचना:-

कृषि उपज मंडी समिति जबलपुर "अ" श्रेणी " मंडी द्वारा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से स्वयं के व्यय पर बिल्ट ऑपरेट एण्ड ट्रांसफर (बी.ओ.टी.) के तहत संरचना की स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमियम के आधार पर निविदा सिस्टम क्रमांक 2026_MPSAM_524370_1 के अंतर्गत ऑन लाईन निविदायें दिनांक 18/08/2026 को शाम 3:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल www.mpmandiboard.co.in पर भी अवलोकनीय होगी।

नोट :- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति जबलपुर